# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

A State University – Govt. of Uttar Pradesh; **NAAC A++ Accredited**; ISO 9001:2015 & 140001: 2015 Certified

एम.जे.पी.रू.वि./कु.स.का/2025/6033-43 दिनांक 04.04.2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषय– प्रदेश स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में AEDPs (Apprenticeship Embedded Degree Program) संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक, विशेष सचिव उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ०प्र० शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–810/सत्तर–3–2025–1684567 दिनांक 31.03.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में AEDPs (Apprenticeship Embedded Degree Program) संचालित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

सूच्य हो कि क्रिस्प द्वारा PEHLE-UP (Project for Excellence in Higher Learning Education in UP) प्रोजेक्ट के अन्तर्गत संचालित Apprenticeship Embedded Degree Program (AEDPs) में निम्नलिखित पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैः–

1. बी०कॉम० (बैंकिंग, वित्तीय सेवायें और बीमा)
2. बी०कॉम० (रिटेल, आपरेशन मैनेजमेंट)
3. बी०कॉम० (लॉजिस्टिक्स)
4. बी०एससी० (टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटैलिटी ऑपरेशन)

विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निम्नलिखित महाविद्यालयों का चयन किया गया हैः–

| Sr. No | College Code | महाविद्यालय का नाम | जिला | Status |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MJPRU102 | बरेली कॉलेज, बरेली | बरेली | Aided |
| 2. | MJPRU117 | साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय, बरेली | बरेली | Aided |
| 3. | MJPRU109 | कन्या महाविद्यालय, आर्य समाज, भूड़, बरेली | बरेली | Aided |
| 4. | MJPRU103 | डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय कॉलेज, आंवला | बरेली | GOVT. |
| 5. | MJPRU106 | राजकीय महाविद्यालय, फरीदपुर (बरेली) | बरेली | GOVT. |
| 6. | MJPRU310 | नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास महाविद्यालय, बदायूं | बदायूँ | Aided |
| 7. | MJPRU305 | महाराणा प्रताप राजकीय (पीजी) महाविद्यालय, बिल्सी (बदायूं) | बदायूँ | GOVT. |
| 8. | MJPRU306 | दमयंती राज आनंद राजकीय कॉलेज, बिसौली | बदायूँ | GOVT. |
| 9. | MJPRU308 | राजकीय महाविद्यालय, बदायूं | बदायूँ | GOVT. |
| 10. | MJPRU402 | राजकीय महिला (पी.जी.) महाविद्यालय, रामपुर | रामपुर | GOVT. |
| 11. | MJPRU403 | राजकीय रज़ा (पी.जी.) कॉलेज, रामपुर | रामपुर | GOVT. |
| 13. | MJPRU502 | गांधी फैज–ए–आम (पी.जी.) कॉलेज, शाहजहाँपुर | शाहजहाँपुर | Aided |
| 14. | MJPRU506 | स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय, शाहजहाँपुर | शाहजहाँपुर | Aided |

PEHLE-UP (Project for Excellence in Higher Learning Education in UP) प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में अन्य जानकारी अथवा इसमें आने वाली समस्याओं में सहयोग हेतु क्रिस्प संस्था के स्टेट लीड प्रो0 बलराज चौहान (ई–मेल आई0डी balraj@crispindia.net) तथा नोडल रिसोर्स पर्सन श्री चन्द्रमणि सिंह (मो0–8299810470. ई–मेल chandramani@crispindia.net) पर संपर्क किया जा सकता है।

अतः शासन के निर्देशानुसार, सभी सम्बन्धित महाविद्यालयों को वर्तमान सत्र (2025–26) से उक्त पाठ्यक्रमों को अनिवार्य रूप से संचालित करने की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए, निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, सी०डी०सी० / डीन, अकादमिक को इस आशय से प्रेषित कि शासन के उक्त पत्र में दिये गये निर्देश के क्रम में सम्बन्धित महाविद्यालयों से बैठक आहूत कर AEDPs पाठ्यक्रम संचालित करने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली–मुरादाबाद परिक्षेत्र।
4. डॉ0 विशाल सक्सेना, नोडल अधिकारी AEDPs पाठ्यक्रम, विश्वविद्यालय परिसर।
5. उपकुलसचिव प्रशासन / सम्बद्धता।
6. उपकुलसचिव परीक्षा।
7. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालय की कालेज लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
8. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
9. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव।
10. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव